दिनांक 05.10.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# महापौर श्री देवेन्द्र यादव के प्रयासों से विभिन्न आयोजनों के लिए सात स्थानों पर बन रहा है सामुदायिक भवन, सस्ते दर पर हो सकेगा उपलब्ध

भिलाई नगर/ मध्यम वर्गीय तबके के लोगों को विभिन्न आयोजनों और कार्यक्रमों के लिए सस्ते दर पर सुविधायुक्त भवन आसानी से मिल सकेगा। भवन के अभाव में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भवन के अभाव में अपने निवास स्थान को छोड़कर दूसरे स्थानों पर कार्यक्रम करना पड़ता है। निगम प्रशासन ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की इसी तरह की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 2-3 वार्डो के बीच सुविधा युक्त सामुदायिक भवन बनाने की मंशा से प्रारंभिक तौर पर कुछ स्थानों पर निर्माण किया जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी न हो। निगम प्रशासन ने इस साल के विवाह का सीजन शुरू होने से पूर्व लगभग 7 स्थानों पर प्रस्तावित सामुदायिक भवनों को तैयार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्त को वार्डों में प्रस्तावित व निर्माणाधीन सामुदायिक भवनों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। जिससे कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों को शादी, धार्मिक और सामाजिक कार्यो के लिए भवन की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। शादी विवाह के सीजन में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए मंगल और मैरिज पैलेस को किराए पर लेना महंगा पड़ता है। ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार को घर के आसपास सामुदायिक भवनों का अभाव खलता है। कई बार ऐसी भी नौबत आती है कि अपने घर के सामने रोड पर या किसी अन्य स्थान पर कार्यक्रम सम्पन्न कराना पड़ता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए महापौर परिषद ने शासन को 2-3 वार्डों के बीच सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर भेजा था। जिसमें से लगभग 8 स्थानों पर 25-25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाने की स्वीकृति मिली थी।

इन क्षेत्रों में निर्मित हो रहा है सामुदायिक भवन जोन-1 के अंतर्गत 25-25 लाख की लागत से तीन स्थानों पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें वार्ड- 12 कांट्रेक्टर कॉलोनी का सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो गई है। वार्ड- 2 माडल टाउन में बन रहा है, 70 फीसद निर्माण हो चुका है। वार्ड- 5 पीली मिट्टी चौक सुपेला के पास भवन बन रहा है। यहां भी 50 फीसद कार्य हो चुका है। इसके अलावा जोन- 2 के अंतर्गत घासीदास नगर में भवन प्रस्तावित है। जोन- 4 अंतर्गत छावनी में सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। वार्ड- 37 सुभाष नगर एवं सोनिया गांधी नगर मे े 30 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाया गया है। इसके अलावा शहीद वीर नारायण नगर में नेशनल हाइवे के किनारे मंगल भवन को जीर्णोद्धार किया गया है। सामुदायिक भवनों में बिजली, पानी, शौचालय, रूम, हॉल होगा। जहां आराम से शादी और अन्य परिवारिक, सामाजिक कार्य संपन्न कराया जा सकता है। इन भवनों को लोगों को कार्यक्रम के लिए सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जो राशि मिलेगी। उसे जरूरत के अनुसार भवनों का मेंटेनेंस और रखरखाव पर खर्च की जाएगी।

सु-स्वागतम्
सामुदायिक भवन
न. पा. नि. भिलाई जोन क्र.-02